महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

(NAAC A++ Accredited, ISO 9001:2015 & ISO 14001:2015 Certified, State University of U.P.)

पत्रॉक : रू0वि0/कु0का0/2024/497 दिनांक : 26.04.2024

कार्यालय–ज्ञाप

कुलपति के आदेश संख्या रू0वि0/कु0का0/2024/486 दिनांक 12.04.2024 एवं पत्रांक रू0वि0/कु0का0/2024/487 दिनांक 12.04.2024 के क्रम में श्री अजय कृष्ण यादव को कुलसचिव के कार्य से विरत किया गया है। तदानुक्रम में विशेष सचिव के पत्रांक 581/सत्तर–1–2024 दिनांक 16.04.2024 को कुलपति जी के पत्रांक RU/VCO/2024/489 दिनांक 18.04.2024 द्वारा मा0 कुलाधिपति महोदया को आवश्यक दिशा–निर्देश हेतु संदर्भित किया गया है। तत्सम्बधित सूचना कार्यालय ज्ञाप रू0वि0/कु0का0/2024/491 दिनांक 23.04.2024 एवं कार्यालय ज्ञाप रू0वि0/कु0का0/2024/492 दिनांक 23.04.2024 द्वारा सभी सम्बन्धितों को प्रेषित की जा चुकी है। मा0 कुलाधिपति महोदया के स्तर से उक्त प्रकरण के निस्तारण/आवश्यक दिशा–निर्देश प्राप्त होने अथवा अग्रिम आदेशों तक की प्रत्याशा में विशेष सचिव का उक्त पत्र विश्वविद्यालय में अद्यतन क्रियान्वित नहीं है।

अतः श्री अजय कृष्ण यादव (कार्य–विरत कुलसचिव) द्वारा अनाधिकृत एवं नियमविरूद्ध तरीके से दिनांक 12.04.2024 से अद्यतन जारी किए जा रहे सभी पत्र–पत्राचार/कार्यालय–आदेश एवं कार्यालय ज्ञाप अवैध हैं एवं विधि मान्य नहीं है तथा कार्य–विरत कुलसचिव की अधिकारिता से परे है। कुलपति के आदेश/अनुमति के बिना अनधिकृत रूप से जारी किए गए कार्यालय–आदेश/पत्राचार विधि मान्य नहीं हैं।

विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं महाविद्यालयो को निर्देशित किया जाता है कि श्री अजय कृष्ण यादव (कार्य–विरत कुलसचिव) द्वारा जारी किए गए ऐसे किसी भी पत्र–पत्राचार/कार्यालय–आदेश एवं कार्यालय ज्ञाप को विश्वविद्यालय का आधिकारिक पत्र मानकर यदि वे कोई भी कार्रवाई करते हैं तो वह विधि मान्य नहीं होगी तथा सम्बन्धित उक्त के लिए स्वयं उत्तरदायी होगा।

कुलपति

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर मुख्य सचिव, मा0 कुलाधिपति/ श्री राज्यपाल, उ0प्र0, राजभवन, लखनऊ।
2. डॉ0 पंकज एल0 जानी, मा0 कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
4. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/ समन्वयक, विश्वविद्यालय परिसर।
5. डी0एस0 डब्लू/चीफ प्रॉक्टर/क्रीड़ा सचिव
6. वित्त अधिकारी
7. श्री अजय कृष्ण यादव (कार्य–विरत कुलसचिव) को इस निर्देश के साथ कि वह अनधिकृत रूप से अनावश्यक पत्राचार न करें और ऐसे सभी पत्राचार आवश्यक अनुशासनिक कार्यवाही के दायरे में आते हैं।
8. परीक्षा नियंत्रक
9. उपकुलसचिव परीक्षा/गोपनीय,
10. उपकुलसचिव प्रशासन/सम्बद्धता
11. प्रभारी, मीडिया सेल
12. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट
13. निजी सचिव–कुलपति

कुलपति